OM

Physical & Scientific Interpretation of Aryan Mythology

Part—I

Ganesha (= Ganapati), Kumara = Skanda = Karttikeya, Two Ashvins & Yama.

[देवतावाद का भौतिक तथा वैज्ञानिक रहस्य]

भाग—१

गणेश (गणपति), कुमार (स्कन्द=कार्त्तिकेय), दो अश्वि-देवता और यम देवता

इङ्गलिश तथा राष्ट्रीय भाषा में)

By

Hans Raj

Formerly Librarian & Research Scholar, D. A. V. College, Research Department Lahore and Vishveshvaranand Vedic Research Institute, Sadhu Ashram, Hoshiarpur, East Panjab, Compilor of Vedic-Kosha & author of 'Science in the Vedas'.

लेखक—

हंसराज

पूर्व पुस्तकाध्यक्ष तथा अनुसन्धानकर्त्ता—डी० ए० वी० कालेज, रीसर्च विभाग लाहौर तथा विश्वेश्वरानन्द वैदिक रिसर्च इन्स्टीच्यूट, होश्यारपुर, तथा वैदिककोष और 'साइंस-इन-दि वेदाज' का लेखक।

Published by—

Hans Raj, 29-Market, South Patel Nagar, New Delhi.

प्रकाशक—हंसराज, २९-मार्केट, साउथ पटेल नगर, नई देहली।

1000] 1957 [Price Re 1/-

Ganesha (=Ganapati)

I. Ganesha (Ganapati) is an epithet of Rudra which is a form of Agni. See page3—१-(क) महाभारत ·····(ख) ····· (ग)·····See page 5:—एतान्यष्टौ·····

2 He is considered as a son of Rudra like Kumara (Skanda, Karttikeya). As son is physically a form of a father, hence Ganesha is a form of rudra (= Agni) like Kumara who is said to be a form of Agni-

3. His complexion is considered as red like sulphate of lead. Agni also is closely connected with the red colour.

See page:1–2-·····' (सिन्दूराभम् ·····)·····; ५— ·····सिन्दूराभं त्रिनेत्रं रक्तवस्त्रांगरागम्"·····

See page 5, line 5:—रोहितोऽग्नेः;line 3:—रक्तवर्णम्····

4. His vehicle is said to be a rat. Similarly a rat is an animal of Rudra (=fire) an emblem, of fearfulness. Rat's fearfulness is wel-known during the plague epidemic.

See page 5:- अग्निर्देवेभ्यो·····' आखुस्ते पशुः (यजु० ३। ५७॥

5. Dvaimatura' is a name of Ganesha, on account of his having two mothers (Durga & Chamunda). Agni is also mentioned as having two mothers: the two aranis (pieces of wood), by the friction of wich fire is produced for a Yajna.

See page 1:- 3-·····द्वै मातुर·····

See page 6, line 9 to 7 from below:-·····त्वमग्ने ····· द्विमाता ····· (ऋ० १। ३१। २॥) ···· द्यावापृथिवी अरणी वा मातृस्थानीये यस्य स द्विमाता

6. He is said to be 'Buddhi-sagara' (an ocean of wisdom). Agni (Omniscient God, or fire which has 'light' as its attribute-a synonym of knowledge) is also stated as Vipratama the most enlightened."

See page 1:- ५-·····शिव महापुराण ·····; ४-····· महाबुद्धि, ब्रह्मणस्पति·····

7. Indra & Brihaspati have been stated as Ganapati (=Ganesha) and kavi (wise) in RV X. 112. 9 & II. 23. 1 respectively.

Brihaspati is also an emblem of wisdom.

See page 3:- (ग) "त्वामाहु०·····" "गणनां त्वा·····" and

"विल्किन्स" रचित Hindu Mythology.....with an elephant's head, an emblem of segacity"

8. He has been called "Lambodara" and "Mahodara (having a large belly) such epithets are given only to him who eats very much. Agni also is one 'who eats most' and 'who eats up every thing'.

See page 1:- ४.....

See page4:- (क) to (घ)

9. His head is just like that of an elephant.

See page1:- २-गजमुखतया .....

Ganesha is represented as swastika which somewhat looks like an elephant's trunk.

See page 5-.....

Agni also is connected with an elephant, which is mentioned as his vehicle.

See page 5:-मरीचि संहिता.....The attendants (पारिषद) of गणेश=गणपति= सेनानी=कुमार=स्कन्द are mentioned to wear an elephant's skin as their clothes.

See page 5, line 6th from below:-गजेन्द्रचर्मवसना:.....

See page 3:-.....Elephant's head : an emblem of segacity.

10. In all the rituals Ganesha is worshipped in the beinning.

See page 1:- 2-.....

Similarly Agni is satisfied (figuratively) first by pouring oblation of clarified butter into it. Other gods (natural forces as water, air &c.) reccive their portion through Agni as their mouth.

See page 6, line 4 to 9:- अग्नि देवतानां प्रथमं यजेत्..... किंचनारे.....

11. "Dharanidhara" (Supporter of Earth) also is a name of Ganesha.

See page 1:- 4- .....

Earth is specially connected with Agni, and is mentioned as his wife figuratively. Agni in any form is most essential for the Earthly creatures.

See page 6, lines 5 to 2 from below.

The above-noted proofs show that Ganesha = Ganapati is identical whith Agni.

❀ ओ३म् ❀

'देवता रहस्य' ग्रन्थमाला—पुष्प १

(Interpretation of Aryan Mythology, Part I.)

गणेश का पौराणिक तथा वैदिक स्वरूप

लेखक:—

हंसराज

पूर्व—रीसर्च स्कालर [अनुसन्धान कर्त्ता] तथा पुस्तकाध्यक्ष डी०ए०वी० कालेज [लाहौर] रीसर्च विभाग, तथा विश्वेश्वरानन्द वैदिक इन्स्टीच्यूट होशियारपुर तथा वेद की शाखाओं, ब्राह्मण-ग्रन्थों और आरण्यकों में से "वैदिक-कोष" का निर्माता

प्रकाशक :—

हंसराज, नं० २६, साऊथ पटेलनगर,

नई देहली ।

प्रथमवार १०००]

[मूल्य =)

गणेश का पौराणिक तथा वैदिक स्वरूप

(लेखक—श्री महाशय हंसराज, भूतपूर्व अनुसन्धान कर्त्ता,
अनुसन्धान विभाग, डी० ए० वी० कालिज लाहौर;
तथा विश्वेश्वरानन्द वैदिक रिसर्च इन्स्टीच्यूट, होश्यारपुर, पंजाब)

—:०:—

गणेश देवता के स्वरूप के सम्बन्ध में पौराणिक साहित्य में लिखा है कि :—

१—गणेश शिव जी (रुद्र) का पुत्र है।

२—गणेश सिन्दूर के सदृश लाल वर्ण वाला है (सिन्दूराभम्, शब्दकल्पद्रुम, गणेश शब्द)। उसका वाहन चूहा है। मुख हाथी का है। (गजमुखतया हस्तिन्या अपत्यत्वात्—भानुजि दीक्षित कृत रामाश्रमी अमरकोष-व्याख्या) प्रत्येक शुभकार्य के आरम्भ में उसकी पूजा की जाती है।

३—गणेश को "द्वैमातुर" कहा है। "द्वैमातुर" का अर्थ है—दो माताओं वाला। दुर्गा और चामुण्डा इन दो माताओं का वह पुत्र है। यथा :—

द्वैमातुर=गणाधिप (गणेश) अमरकोष १।१।३८
दुर्गाचामुण्डाभ्यां पालितत्वात्। (भानुजी दीक्षितकृत रामाश्रमी व्याख्या)

४—गणेश-स्तोत्रों में गणेश को वक्रतुण्ड, विघ्नेश, लम्बोदर, महाबुद्धि ब्रह्मणस्पति, विनायक, कपिल, धरणीधर, महोदर, धूम्र-(धूम)-केतु, मयूरेश आदि नामों द्वारा स्मरण किया गया है। (बृहत्स्तोत्ररत्नाकर, पृष्ठ ४-५, निर्णय सागर यन्त्रालय, बम्बई)।

५—इसी प्रकार शिव महापुराण, ज्ञान संहिता ३६।६ में गणेश को बुद्धिसागर कहा गया है। यथा 'गणेशं बुद्धिसागरम्।' शब्दकल्पद्रुम में गणेश का वर्णन किया है "सिन्दूराभं, त्रिनेत्रं, रक्तवस्त्राङ्गरागम्"—इन विशेषणों द्वारा।

इस प्रकार पौराणिक साहित्य में उपर्युक्तरूप में गणेश का वर्णन मिलता है। अब इस के वैदिक स्वरूप का निदर्शन देखिये :—

१—गणेश वस्तुतः रुद्र अर्थात् अग्नि का ही रूपान्तर (पुत्र) है। क्योंकि गणेश के सम्बन्ध में जो कथन ऊपर हुआ है उससे मिलता-जुलता वर्णन वेदों, शाखाओं और ब्राह्मण ग्रन्थों में अग्नि के सम्बन्ध में औपचारिक रूप से कहा गया है। उसे न समझ कर सचमुच के गजमुख वाले शरीरधारी देवता की कल्पना करली गई है। इस सम्बन्ध में निम्नलिखित प्रमाण उपस्थित किये जाते हैं।

१—(क) महाभारत, अनुशासनपर्व, अध्या० ४८ कुम्भघोण सं० तथा अ० १७ की नील-कण्ठीय सं० में गणपति नाम रुद्र के लिये आया है, और वैदिक साहित्य में रुद्र पद अग्नि के लिये स्थान २ पर प्रयुक्त हुआ है। तथा आगे भी प्रमाण लिखेंगे !

(ख) यजुर्वेद ११।१५ में "रुद्रस्य गाणपत्यम्" पाठ आया है। जिसका यह अभिप्राय है कि रुद्र ही गणपति हैं। और रुद्र का अर्थ है अग्नि। इसलिये गणपति का अर्थ अग्नि हुआ।

(ग) ऋग्वेद २,२३,१ में बृहस्पति को गणपति तथा कवि (अर्थात् मेधावी) कहा है। बृहस्पति का अर्थ होता है वेदवाणी का पति। इसलिए गणपति को विद्या और बुद्धि का देवता मान लिया गया। वेदों में इन्द्र को भी मेधावी और गणपति (ऋ० १०।११२।६) कहा है। श्री R.G. भण्डारकर अपनी पुस्तक Vaishnavism, Shaivism, पृष्ठ १४६ में लिखते हैं कि "Ganapati's reputation for wisdom I believe to be attributed to the confusion between him and Brihaspati, who is called Ganapati, in R V. II 23 1. Brihaspati of course is the Vedic god of wisdom, and is called the sage of sages."

इसी प्रकार ऋ० १०।११२।६ में गणपति के सम्बन्ध में कहा है कि—

"त्वामाहुर्विप्रतमं कवीनाम्।" तथा—

"गाणानां त्वा गणपतिं हवामहे कविं कवीनामुप श्रवस्तमम्।" ऋ० २,२३,१

अर्थात् गणपति मेधावियों में सबसे अधिक मेधावी है, और कवियों में सबसे बड़ा कवि है।

"विल्किन्स" रचित "Hindu Mythology", 2nd edition, p. 324 में लिखा है "कि Ganesh is the Hindu god of Prudence and Policy. He.....is repre sented with an elephant's head : an emblem of sagacity" अर्थात् हिन्दू धर्म में गणेश को बुद्धिमत्ता और नीति का देवता माना है। उसका सिर हाथी का सिर कहा जाता है। यह चिन्ह उसकी बुद्धिमत्ता का सूचक है। यद्यपि प्राकृतिक अग्नि में बुद्धिमत्ता का वर्णन चरितार्थ नहीं हो सकता। तब भी वेदों में अग्नि के नाना अर्थ लिये जाते हैं। जैसे कि ब्राह्मण, परमात्मा आदि। उन आधिभौतिक तथा आध्यात्मिक अर्थों में ये वर्णन सार्थक हो जाते हैं।

गणेश का नाम लम्बोदर तथा महोदर भी है। बहुत खाने के कारण व्यक्ति को लम्बोदर कहा जाता है। बहुत खाने की दृष्टि से "अग्नि" लम्बोदर तथा महोदर है। अग्नि में जो कुछ डाल दिया जाय उसे वह खा जाती है, भस्म कर देती है। तथा

जितना भी डाल दिया जाय उसे खा जाती तथा भस्म कर देती है। अग्नि खाती है इस सम्बन्ध में निम्नलिखित प्रमाण हैं:—

(क) "विश्वादमग्निं यमु काममाहुः" (मैत्रायणी संहिता २, १३, १३)।

(ख) ऋग्वेद ८, ४४,२६ में भी अग्नि को "विश्वाद्" कहा है। विश्वाद् का अर्थ है विश्व को खा जाने वाला, सबको खा जाने वाला।

(ग) शतपथ ब्राह्मण १०।१।४।१३ में लिखा है कि ! "सर्वं वा इदमग्नेरन्नम्।" अर्थात् यह सब कुछ अग्नि का अन्न है। इसी प्रकार इस सम्बन्ध में निम्नलिखित प्रमाण भी स्मरणीय हैं।

(घ) "अग्निर्देवानां जठरम्" (तैत्ति० ब्रा० २, ७, १२, ३)। "एष उ ह वाव देवानां महाशनतमो यदग्निः" (जैमि० उपनि० ब्रा० २, १५, १)। "अग्ने···अशीतम" (श० ब्रा० १, ६, २, २०; तथा यजु० २, २०)। इस पर महीधर ने अशीतम का अर्थ किया है भोक्तृतम, अर्थात् सबसे अधिक खाने वाला। ताण्ड्य महा ब्रा० २५।६।३ में लिखा है "अग्नेर्वै सर्वमाद्यम्।" शत० ब्रा० २, ६, ३, १५ में लिखा है कि "सर्वतोमुखोऽयमग्निः। यतो ह्येव कुतश्चाग्नावभ्यादधति तत एव प्रदहति, तेनैष सर्वतोमुखस्तेनान्नादः।" शत० ब्रा० १०, ६, २, २ में लिखा है कि "स वै यः सोऽत्ताऽग्निरेव सः।" इसी प्रकार ऐत० ब्रा० १।८ में लिखा है कि "अन्नादो वा एषोऽन्नपतिर्यदग्निः।"

गणेश को जो त्रिनेत्र (तीन आंखों वाला) कहा गया है उसका कारण रुद्रवाची 'त्र्यम्बक' शब्द है जो यजुर्वेद में आया है। उसका अर्थ 'तीन आंखों वाला' किया जाता है जो कि शतपथ ब्रा० २।६।२।६॥ काठक सं० ३६।१४॥ और मैत्रायणी-संहिता १।१०।२० के विरुद्ध है॥

गणेश का नाम विनायक भी है। विनायक का अर्थ है "विशिष्टो नायकः" अर्थात् सेनानायक, सेनानी। अग्नि को भी सेनानी कहा है। यथा—"अग्निर्वै देवानां सेनानी।" (काठक सं० ३६।८)। इसलिये विनायक नाम भी अग्नि अर्थ में चरितार्थ होता है।

गणेश को कपिल भी कहते हैं। अग्नि प्रत्यक्ष रूप में कपिल वर्ण का होता है। कहा भी है "अग्निः सः कपिलो नाम" (महा० भा० वनपर्व २२१।२१)।

गणेश को धूम्र-(धूम-) केतु भी कहते हैं। धूमकेतु अग्नि का नाम है, अर्थात् धूआं जिसका केतु है, भण्डा है। धूआं अग्नि का ही केतु (झण्डा) है।

गणेश का नाम मयूरेश्वर=(स्कन्द=कुमार) भी है। अग्निका एक नाम है शिखी। शिखी का अर्थ होता है शिखा-वाला। अग्नि की शिखा है ज्वालाएं। मयूर अर्थात् मोर को भी शिखी कहते हैं, क्योंकि उसके भी शिखा होती है। इस समता मात्र के कारण अग्नि को भी मयूरेश्वर मान लिया गया।

"स्कन्द" अग्नि का इसलिये नाम है कि अग्नि गतिमान् है, और शोषण का हेतु है स्कन्द शब्द 'स्कन्दिर्' धातु से निष्पन्न होता है जिसका अर्थ है गति और शोषण।

अग्नि के रूपों में "कुमार" भी एक रूप है (जो कि गणेश का एक नाम है। अतः गणेश=अग्नि)। यथा:—

"एतान्यष्टौ (रुद्रः, सर्वः=शर्वः, पशुपतिः, उग्रः, अशनिः, भवः, महान् देवः, ईशानः) अग्निरूपाणि, कुमारो नवमः।" (शत० ब्रा० ६।१।३।१८)।

गणेश को सिन्दूर के सदृश लाल वर्ण वाला (रक्तवर्णम्, विमानार्चना कल्प पृ० ४७६) कहा है। तथा इसे 'रक्तवस्त्राङ्गराग' भी कहा है। निघण्टु में अग्नि के वाहन को रोहित अर्थात् लाल कहा है। यथा—"रोहितोऽग्नेः" (निघं० १।१५)। अग्नि की ज्वालाएं ही अग्नि के वाहन हैं, जलती हुई अग्नि की ज्वालाएं लाल होती ही हैं।

गणेश का वाहन चूहा माना जाता है। यह हम लिख चुके हैं कि गणेश अग्नि है। अग्नि के सम्बन्ध में लिखा है कि:—

"अग्निर्देवेभ्यो निलायत। आखूरूपं कृत्वा स पृथिवीं प्राविशत्॥"

(तैत्ति० ब्रा० १।१।३।३)।

अर्थात् अग्नि देवों से छिप गई। वह आखु (चूहे) के रूप में पृथिवी में जा छिपी। कभी वह सृष्टिकाल था जबकि पृथिवी सूर्य से पृथक् हुई थी। उस समय वह सूर्य की भांति धधक रही थी। शनैः २ पृथिवी ठण्डी हुई तब पृथिवी पर प्राणिसृष्टि हुई। उस समय पृथिवी के ऊपर का स्तर ठण्डा हो गया। उसका भीतरी भाग अब भी गर्म है। ज्वालामुखी पर्वतों की आग, तथा उष्ण झरने इस बात को प्रमाणित करते हैं कि पृथिवी के अन्तरीय भाग में अब भी अग्नि धधक रही है। मानो अग्नि चूहे की न्याई पृथिवी के भीतर जा छिपी है, और वह सूर्य, चन्द्र, नक्षत्र आदि देवों की दृष्टि से छिप गई है। पृथिवी में छिप-जाना रूपी समता के कारण अग्नि को आखु कहा गया है।

इसी प्रकार रुद्र भी अग्नि का नाम है। और अग्नि गणेश है। इसलिये यजुर्वेद में रुद्र का वाहन भी आखु कहा गया है। यथा—आखुस्ते पशुः (यजु० ३, ५७)। रुद्र भयानकता का प्रतीक है। आखु (चूहा) भी महामारी का प्रधान कारण होने से भयंकर ही है।

गणेश स्वस्तिक के आकार का बनाया जाता है। यथा 卐। यह स्वस्तिक चिन्ह हाथी की सूंड के समान टेढ़ा है। इसलिये गणेश का मुख भी हाथी के मुख के सदृश मान लिया गया। अग्नि का वाहन गज कहा गया है (मरीचि संहिता, विमानार्चनाकल्पे पटल २०, पृष्ठ १२८)। सम्भवतः स्वस्तिक चिन्ह अग्नि की परस्पर-में-मिश्रित टेढ़ी लपटों या ज्वालाओं का एक चित्र मात्र हो। और इसी कारण गणेश या स्कन्द या कुमार के पारिषदों (सहायकों) को हाथी के चमड़े के बने हुए वस्त्रों को धारण करने वाले (गजेन्द्रचर्मवसनाः, महाभारत, शल्यपर्व, अ० ४५, श्लो० ७५, ८७ में) कहा गया है। अभिप्राय यह है कि जैसे गणेश अर्थात् अग्नि की ज्वालाओं की चाल टेढ़ी-मेढ़ी होती है और वे ज्वालाएं परस्पर में मिली-जुली सी रहती हैं इसी प्रकार अग्नि के पारिषद अर्थात् अग्नि के चारों ओर स्थित जो वायुपुञ्ज हैं वे भी अग्नि की ज्वालाओं के कारण टेढ़ी-मेढ़ी चालों वाले हो जाते हैं। उनकी भी चाल स्वस्तिक के चिन्ह के सदृश हो जाती है इसीलिये गणेश और पारिषदों का हाथी से सम्बन्ध दर्शाया है।

गणेश की प्रथम पूजा होती है,—इसका यह अभिप्राय है कि प्रत्येक शुभ कार्य के प्रारम्भ में अग्निहोत्र द्वारा अग्नि को प्रज्वलित करना चाहिये। यही अग्निपूजा है। गणेश चूंकि अग्नि है, और प्रत्येक शुभ कार्य के प्रारम्भ में अग्निहोत्र करने की विधि है। यह ही गणेश पूजा है। लिखा भी है कि—"अग्निं देवतानां प्रथमं यजेत्। अग्नि-मुखा एव देवताः प्रीणाति" (कपिष्ठल कठ संहिता ४८।१६)। तथा "अग्निः प्रथम इज्यते" (मैत्रा० सं० ३।८।१)। तथा "अग्निर्मुखं प्रथमो देवतानाम्" (काठक सं० ४।१६)।

ऋग्वेद १०।११२।९ में गणपति को विप्रतम और कवि कहते हुए लिखा है—'न ऋते त्वत् क्रियते किंचनारे·····'

अग्नि=रुद्र=गणपति। पुराणों में गणपति अर्थात् गणेश को रुद्र का पुत्र कहा है। हम कह चुके हैं गणेश भी अग्नि है, और रुद्र भी अग्नि है। जैसे पितापुत्र में अभेद-सम्बन्ध सा होता है, वैसे ही गणेश और रुद्र में भी अभेद सम्बन्ध समझना चाहिये। सब श्रेष्ठ कर्मों से पूर्व गणपति पूजन की प्रथा पौराणिकों में प्रचलित है। यह प्रथा अग्निहोत्र के ही स्थान पर प्रचलित कर दी गई है।

पुराणों में कुमार अर्थात् कार्तिकेय को महादेव का पुत्र कहा है। यह ऊपर लिखा जा चुका है कि कुमार का अभिप्राय है अग्नि। इस अग्नि को कार्तिकेय इसलिये कहते हैं कि कृत्तिका-नक्षत्र का देवता 'अग्नि' है। यथाः—

"एतद्वा अग्नेर्नक्षत्रं यत् कृत्तिकाः (तै० १।१।२)। तथा—

"एता वाऽअग्निनक्षत्रं यत् कृत्तिकाः (श० ब्रा० २।१।२।१)।

इसलिये अग्नि का कृत्तिका के साथ सम्बन्ध है। इसीलिये अग्नि को कार्तिकेय कहा जाता है। अथर्ववेद में कृत्तिका-नक्षत्र से नक्षत्र-परम्परा का प्रारम्भ माना है। यथा "सुहवग्ने कृत्तिका रोहिणी चास्तु भद्रं मृगशिरः शमार्द्रा" इत्यादि (२०।७।२—५)। गणेश को द्वैमातुर कहा गया है। अर्थात् गणेश दो माताओं का पुत्र है। गणेश है अग्नि। अग्नि दो प्रकार से दो माताओं का पुत्र है। यह द्युलोक और पृथिवीलोक का पुत्र है। तथा अग्नि, यतः दो अरणियों से मथ कर यज्ञकर्म के लिये उत्पन्न किया जाता है इसलिये भी दो अरणियां अग्नि की दो माताएं हैं। मन्त्रों में अग्नि को दो माताओं से उत्पन्न हुआ कहा गया है। यथाः—"त्वमग्ने·····द्विमाता·····" (ऋ० १।३१।२)। इस मन्त्र पर स्कन्द भाष्य में लिखा है कि "द्यावापृथिव्यौ अरणी वा मातृस्थानीये यस्य स द्विमाता।" अर्थात् अग्नि को "द्विमाता" इसलिये कहते हैं चूंकि द्यावा-पृथिवी तथा दो अरणियों से यह जन्म पाता है।

गणेश का नाम धरणीधर भी हैं। धरणीधर का अर्थ है "पृथिवी का धारण करने वाला।" अग्नि देवता है पृथिवी का। पृथिवीवासियों के काम अग्नि से ही चल रहे हैं इसलिए अग्नि धरणीधर है। यथा "अग्नेयी पृथिवी" (ताण्ड्य० ब्रा० १५।४।८)। तथा "पृथिव्यग्नेः पत्नी" (गोपथ ब्रा० उ०, २,९)। इस प्रकार यह मानना उचित प्रतीत होता है कि वैदिक साहित्य के अनुसार गणेश नाम अग्नि का है।

सूचना

वैदिक ग्रन्थों के मन्थन से बड़ी ही खोज पूर्ण प्रथम पुस्तक गणेश का पौराणिक तथा वैदिक स्वरूप ≡) में प्रकाशित कर ही दी है। अब 'देवता-रहस्य ग्रन्थ माला में छपने योग्य निम्न लिखित देवताओं के सम्बन्ध में वेद, वेद-सम्बन्धी ग्रन्थ तथा अन्य पुस्तकों से सामग्री खोजकर निकाल ली गई है और क्रमबद्ध कर ली गई है। इनके प्रकाशित होने से आपको ज्ञात हो जाएगा कि प्रजापति (ब्रह्मा) विष्णु, महेश (रुद्र) आदि देवता जो कि प्रायः करके एक ही चेतन-स्वरूप, अकाय (शरीर रहित) परमात्मा के नाम है और उसके उत्पादन, पालन और संहार आदि अनेक गुणों के द्योतक हैं, वह एक २ देवता एक से अधिक चेतन वा अचेतन अन्य पदार्थों के भी नाम हैं। उन देवताओं के सम्बन्ध में जो अनेक असम्भव वा अश्लील कथाएं प्रचलित हैं उनमें से कुछ भिन्न २ सांसारिक पदार्थों का आलंकारिकं = औपचारिक = गौण (भाक्त) वर्णन (अथवा पूर्व-मीमांसा की परिभाषा में 'अर्थवाद') ही हैं, जिसका वास्तविक भाव न समझकर और अपनी ओर से अनेक बातें मिलाकर उसे कल्पित शरीरधारी देवताओं के सम्बन्ध में सच्ची ऐतिहासिक घटना के सदृश लोक में प्रचरित किया गया ॥

वैदिक ग्रन्थों में खोज करने से देवताओं सम्बन्धी अनेक ऐसी बातों का पता लगा है जोकि बहुत न्यून सुनने में आई हैं तथा अधिकतर सर्वथा अश्रुतपूर्व और नवीन हैं। यह सब निम्न लिखित देवताओं सम्बन्धी लेखों में आ गई हैं। यदि कोई प्रकाशक इसमें से किसी लेख को प्रकाशित करना चाहे तो वह लेखक सेपत्र-व्यवहार करे।

जिस प्रकार का यह गणेश सम्बन्धी ग्रन्थ है उसी ढंग के यह ग्रन्थ भी हैं:—

१—प्रजापति (ब्रह्मा) ॥ २—विष्णु ॥ ३—रुद्र ॥ ४—दुर्गा (देवी, अम्बा, काली) ५—स्कन्द (कुमार, कार्त्तिकेय) ॥ ६ - अश्वि-देवता (देवताओं के वैद्य) ॥ ७—यम देवता ॥ ८—कामधेनु ॥ ९—विष्णु के दश अवतार ॥

इसके अतिरिक्त अग्नि, सोम, इन्द्र, अदिति, मित्र, वरुण, वसिष्ठ, गन्धर्व (नारद, पुरूरवस, अर्वाग्वसु), अप्सरस् (उर्वशी, घृताची), असुर = मेघ (वृत्र, नमुचि, जलन्धर, कबन्ध, वातापि), ऐरावण, ऐरावत, ऐरावती, सुदामन्, सौदामनी, यह सब किन २ के वाचक हैं। यह बातें हमारे अङ्गरेजी लघु पुस्तक 'सांइस इन दि वेदाज़' (मूल्य १॥) में वर्णित हैं, जिसमें यह दो वैज्ञानिक तत्त्व वेदों और वेद सम्बन्धी ग्रन्थों के बीसियों प्रमाणों से सिद्ध किये गए हैं:—

१—समस्त भौतिक जगत् केवल दो ही मूल तत्त्वों (अग्नि, सोम) से बना है अर्थात् दोनों प्रकार की बिजली के कणों से ॥

२—औक्सिजन (मित्र = प्राण-वायु), हाईड्रोजन (वरुण-उदान) के मिश्रण में विद्युत् (उर्वशी) के संयोग से जल (वसिष्ठ) की उत्पत्ति ॥

अभ्यर्थना—

हमें पूर्ण आशा है कि हमारी इस खोज से लाभ उठाकर अनेक लोगों को निश्चय हो जायेगा कि वेदों और आर्ष ग्रन्थों में अनेक विद्याएं भरी पड़ी हैं। और वह इनको जानने के लिये कटिबद्ध होकर आगे भी अनुसन्धान करने लगेंगे। उस समयअनेक और रहस्यों का भी उद्घाटन होगा। यह काम एक व्यक्ति का नहीं। सभी आर्य विद्वानों को इस ओर लगना चाहिए ॥ विशेषकर वेद, वेदों की तैत्तिरीय, काठक, मैत्रायणी, कपिष्ठलादि शाखाएं, जैमिनीय, शतपथादि समस्त ब्राह्मण, शांखायन, तैत्तिरीय, ऐतरेय आरण्यक, प्रसिद्ध दश उपनिषद्, कौषीतकी उपनिषद् (मैत्र्युपनिषद् भी उपयोगी हो सकतीहै), पूर्व मीमांसा, निघंटु तथा निरुक्त। यही ग्रन्थ वैदिक खोज के लिये अनिवार्य हैं ॥ आलोचक महाशयों से नम्र निवेदन है कि मेरे दिये प्रमाणों को ध्यान में रखकर आलोचना करें। और मुझसे सहमत न होने पर प्रमाण प्रस्तुत करें। केवल असहमति कोई हेतु नहीं ॥

विनीत:—हंसराज

२९–साऊथ पटेल नगर मार्केट
नई दिल्ली

मुद्रक—सार्वदेशिक प्रेस, दरियागंज, दिल्ली-७

कुमार=स्कन्द=कार्त्तिकेय

In the Puranic literature, there is a mention of a son of Rudra (Shiva) named Skanda=Kumara (Sanatkumara)= Karttikeya, Sanamatura. His mothers are six in number; he has six faces (heads),hence twelve eyes.He is the commander in-chief in the army of the gods. His wife's name is Devasena (literally, army of the gods). His colour is red. His vehicle is peacock or cock. He is also represented as having face of a goat.

[पौराणिक साहित्य में स्कन्द, कुमार (सनत्कुमार), कार्त्तिकेय षाण्मातुर इत्यादि नाम शिव जी के एक पुत्र के हैं जिसकी ६ माताएं कही गई हैं। स्कन्द के छः मुख, बारह नेत्र, कहे गये हैं । यह देवताओं का सेनानी (सेनापति) माना गया है। इसकी स्त्री का नाम देवसेना है। तथा इसका वर्ण लाल है। इसका वाहन शिखी (मोर वा कुक्कुट) है॥ कभी इसका मुख बकरे के मुख के सदृश भी कहा गया है :—]

स्कन्द = सनत्कुमार (छान्दोग्योपनिषद् ७।२६। १॥)
सनत्कुमार = स्कन्द = रुद्र पुत्र (ब्रह्मसूत्र शांकर भाष्य ३। ३। ३२॥
महाभारत शल्य पर्व ४६। ९८ ॥)

षट्शिरा द्विगुणश्रोत्रो द्वादशाक्षिभुजक्रमः।
एकग्रीवैकजठरः कुमारः समपद्यत ॥१७॥
(महाभारत वन पर्व अ० २२४)

षडाननं कुमारं तु द्विषडक्षं···॥१८॥ ·····द्वादशभुजं···॥१९॥
महाभारत, अनुशासन पर्व, अ० ८६। १८-१९ ॥)

(देवाः) क्रीडतः क्रीडनीयानि ददुः पक्षिगणाश्च ह।
सुपर्णो ऽस्य ददौ पुत्रं मयूरं चित्रबर्हिणम् ॥२१॥
राक्षसाश्य ददुस्तस्मै वराहमहिषावुभौ।
कुक्कुटश्चाग्नि-संकाशं प्रददावरुणः स्वयम् ॥२२॥
महाभारत' अनुशासन पर्व अ० ८६ ॥

गरुड़ो दयितं पुत्रं मयूरं चित्रबर्हिणम् (कुमाराय ददौ) ॥५०॥

अरुणस्ताम्रचूडं च प्रददौ चरणायुधम् ॥५१॥

महाभारत, शल्य पर्व, अ० ४६॥

दक्षः·····ताम्रचूडे कुक्कुटे ····· (शब्दार्थचिन्तामणिकोषे)

त्वं क्रीडसे षण्मुखः कुक्कुटेन ·····दक्षोऽसि ·····॥१६॥

महाभारत, वनपर्व २३१ । १६ ॥

मयूरकेतुः = स्कन्दः

महाभारत, वन पर्व, २३१, २ ॥

शिखी मयूरो वाहनमस्य शिखिवाहनः (= कुमारः = स्कन्दः) इति क्षीर स्वामि-कृता (अमर कोष १ । १ । ४० ॥) व्याख्या

शिखी = कुक्कुटः

(शब्दकल्पद्रुमकोषे)

कुमारः = स्कन्दः = सेनानी (अमर कोषे १ । १ । ४२ । (३९) ॥

एवं स्कन्दस्य महिषीं देवसेनां विदुर्जनाः ॥

महाभारत, वन पर्व, २२८ । ४८ ॥ प्रताप चन्द्रराय संस्करण कलकत्ता ॥

·····नीलं (वस्त्रं) रौद्रे ऽथ पर्वणि ।

विष्णुपर्वणि पीतं (वस्त्रं) स्याद्, रक्तं स्कन्दस्य पर्वणि ॥६६॥

भरत नाट्य शास्त्र ३ । ६६ ॥ निर्णय सागर बम्बई संस्करण

षण्मुखः [=स्कन्दः] छागरूपेण पूज्यते किं न साधुभिः ॥

(पंचतन्त्र १।४५)

षष्ठं छागमयं वक्त्रं स्कन्दस्यैवेति विद्धि तत् ।

(महाभारत, वनपर्व २२७ । १२ ॥ कलकत्ता संस्करण ॥ २२८ । १३ ॥ लाहौर संस्करण ॥)

The following quotations show that Skanda (Kumara) is a form of Agni, and his six mothers, six faces or heads and twelve eyes are merely a figurative description. The lunar mansion Krittika has Agni as its presiding deity, and has six stars in it, hence the names Karttikeya and Shanmatura Skanda = Kumara = Agni.

[निम्नलिखित प्रमाणों से सिद्ध होता है कि स्कन्द अग्नि का ही रूप और उसकी ६ माताएं, ६ मुख और सिर, १२ नेत्र इत्यादि आलंकारिक वर्णन ही है ॥

कृत्तिका नक्षत्र का देवता अग्नि है और उस नक्षत्र में ६ तारे हैं इसी लिये कार्त्तिकेय नाम हुआ तथा ६ कृतिका अग्नि की माताएं मानकर उसका षाण्मातुर नाम हुआ] :—

एतद्वा अग्नेर्नक्षत्रं यत् कृत्तिकाः ॥ तैत्तिरीय ब्राह्मणे १।१।२।१॥ १।५।१।१॥३।१।१।१॥

कृतिका—

.....तस्या रूपम् । अग्निशिखाकृत्तिषट तारकामयम् ।

इति कालिदासः (शब्दकल्पद्रुमकोष)

कृतिका:.....The third of the 27 lunar manssion or asterisms, (consisting of six stars, the Pleiades.

2. The six stars represented as nymphs acting as nurses to Karttikaya.....

(Apte's Sanskrit—English Dictionary)

[अग्नि का भी ६ की संख्या से विशेष सम्बन्ध है]

Agni is also specially connected with the number—six:—

षड्ऋतवः=संवत्सरः=अग्निः—षड् वाऽऋतवः संवत्सरस्य (शतपथ-ब्राह्मण १ । २ । ५ । १२ ॥) ऋतवः संतत्सरः (तैत्तिरीयब्राह्मण ३ । ६ । ९ । १ ॥) संवत्सरोऽग्निः (तांडयमहाब्राह्मण १० । १२ । ७ ॥)

अग्निः षट्पादस्तव्य पृथिव्वन्तरिक्षं द्यौराय ओषधिवनस्पतय इमानि भूतानि पादाः [गोपथ, पूर्व० २ । ६ ॥]

स्कन्दः = संवत्सरः = अग्निः (वैश्वानरः):—

Skanda is the name of a year, his six faces or heads are the six seasons (hence his 12 eyes are the 12 months of a year), and the year is considered as a form of Agni (i. e. Vaisvanara) :—

[स्कन्द (=कुमार) संवत्सर को कहा गया है। स्कन्द के ६ मुख संवत्सर की ऋतुएँ कही गई हैं अतएव उसके १२ नेत्र १२ मास हैं ॥ और संवत्सर को अग्नि (वैश्वानर) रूप कहा गया है] :—

यदपि तच्चक्रं (संवत्सरचक्रं) षड् वै कुमाराः परिवर्तयन्ति, तेऽपि षड् ऋतवः । [महाभारते, आदि पर्व ३ । १६७ (१४४) ॥]

(हे स्कन्द !) संवत्सरस्त्वमृतवश्च षड् वै .....॥१२॥

(महाभारत, वन पर्व अ० २३१ ॥)

संवत्सरो ऽग्निर्वैश्वानरः । (ऐतरेय ब्राह्मण ३ । ४१ ॥)

The word Skanda is derived from the root 'Skandir' (to go and to make dry), making dry is the characteristic of Agni (fire), hence Skanda is a name of Agni (fire)—

['स्कन्दिर' धातु (जिससे स्कन्द शब्द सिद्ध होता है) का अर्थ गति और शोषण है और शोषण गुण मुख्यतः अग्नि का है] :—

स्कन्दिर गतिशोषणयोः (धातुपाठ, भ्वादिगण, धातुसंख्या ६७६ ॥)
स्कन्दा नाम ये व्याधयः ..... शोषणं स्कन्दनमित्यनर्थान्तरम् ।
[हस्त्यायुर्वेद पालकाप्यमुनिकृत १ (महारोग) स्थाने, अ० १० पृष्ठ ७५]

Rudra has been stated as Kumara. Rudra is the name of Agni, hence Kumara is also the name of Agni, 'Kumara itself has been stated as a ninth form of Agni :—

[कुमार रुद्र को कहा गया है और रुद्र अग्नि को तथा कुमार को अग्नि का नौवां रूप कहा गया है] :—

कुमारः = रुद्रः—
स संवत्सरे कुमारो ऽजायत सोऽरोदीत् । ..... यदरोदीत् तस्माद् रुद्रः ।
[शत्रा० ६ । १ । ३ । ८-१०]
एष रुद्रः । यदग्निः [तैत्रा १ । १ । ५ । ८-९ ॥ १ । १ । ६ । ६]
तान्येतान्यष्टौ (रुद्रः. सर्वः = शर्वः, पशुपतिः; उग्रः, अशनिः, भवः, महान्देवः, ईशानः) अग्निरूपाणि, कुमारो नवमः [शत्रा ६, १, ३, १८]

The word 'Kumara' which is an other name of Skanda seems to have a special connection with Agni :—

['कुमार' से अग्नि का घनिष्ट सम्बन्ध प्रतीत होता है] :—

कुमारः = रुद्रपुत्रो ऽग्निपुत्रश्च-महाभारते, वन पर्व०, २२५ । १५--१९ ॥
कुमारः = अग्निः-ऋग्वेद ५ । २ । १ सायण भाष्ये । अस्य सूक्तस्य देवता-अग्निः, ऋषिः-कुमार आत्रेयः ॥ ऋग्वेद १०।१३५, अस्य सूक्तस्य देवता-यमः, ऋषिः कुमारो यामायनः । पश्यत-कठोपनिषदि नाचिकेतोपाख्यानम् – यमः कुमाराय (कठ०१ । २) नचिकेतसे नाचिकेताख्यम् 'अग्निं' प्रोवाच ॥ एवम्—तैत्तिरीय ब्राह्मणे ३ । ११ । ८ । १५ ॥ ऋग्वेद ७ । १०१,१०२—अनयोः सूक्तयोर्देवता-पूर्जन्यः,ऋषिः-कुमार आग्नेयः ॥ वत्सः (= कुमारः) = वैद्युताग्निः-इतिसायणः ऋग्वेद ७ । १०१ । १ भाष्ये ॥

Skanda has already been stated as commander-in-chief of the army of the gods. Agni also has been stated as such, therefore Skanda is identical with Agni.

Devasena is allegorically the wife of Skanda (Agni) because he is the sole controller of the army of the gods–

[स्कन्द = (अग्नि) ही देवताओं का सेनानी (सेनापति) है, अतः देव-सेना उसकी पत्नी अलङ्कार से ही कही गई है] :—

एषोऽग्निर्देवाना ꣳ सेनानीः (काठक संहिता ३६ । ८ ॥)
अग्निर्वै देवानाꣳसेनानीः (मैत्रायणी संहिता १ । १० । १४ ॥)
आग्नेयो ऽष्टाकपालः सेनान्यो गृहे । (मैत्रायणी संहिता ४ । ३ । ८ ॥)

Skanda's special connection with red colour proves his identity with Agni, which also is specially connected with the red colour :—

[स्कन्द—कुमार का जो रक्तवर्ण से विशेष सम्बन्ध है इससे भी उसका अग्नि होना ही सिद्ध होता है,क्योंकि अग्नि की मूर्ति का रंग भी लाल माना गया है । अग्नि का घोड़ा भी अलंकार से रोहित "लाल" ही कहा गया है :—

अग्नेः—रक्तं जटाधरं वह्निं कारयेद्·····त्रिनेत्रं···· ····वायुसारथिम् । ज्वाला-त्रिशूले च कर्त्तव्ये ·····"

[वाचस्पत्य कोष, देवशब्द पृष्ठे ३७०५, कालम २ देवताधिकरण शब्द]

रोहितो ह्यग्नेरश्वः [शतपथ ब्राह्मण ६ । ६ । ३ । ४ ॥]

Skanda has been stated as 'Shikhivahana' or one that has peacock or cock as his vehicle, this is based on a mis-understanding, because the word 'Shikhin' is also the name of Agni which has already been shown as a synonym of Skanda=Kumara:-

[स्कन्द को जो शिखिवाहन कहा गया है अर्थात् स्कन्द की स्वारी मोर वा कुक्कुट पर होती है । यह ठीक नहीं शिखिन् वस्तुतः अग्नि का नाम है और मोर और कुक्कुट का भी । यह रहस्य न जानकर ऐसी कल्पना की गई :—]

शिखी, [न्] ·····मयूरः·····॥ अग्निः ·····कुक्कुटः ॥
[शब्द कल्पद्रुमे]

Skanda' s mouth (face) like that of a goat is based on a mis-understanding because his synonym (Agni) has a special connection with he-or she-goat—

[बकरे का अग्नि से घनिष्ठ सम्बन्ध बताया गया है । यह तत्त्व न जानकर अग्निरूप 'स्कन्द' का मुख बकरे का कल्पित हुआ—]

आग्नेयो वा अजः (मैत्सं ४, ८, ३)

आग्नेयी वा एषा यदजा। [तै० सं० ५ । ४ । ३ । २ ॥
तै० ब्रा० ३ । ७ । ३ । १]

आग्नेयो वाऽअजः

श० ब्रा० ६ । ४ । ४ । १५ ॥ गो० उ० ३ । १६ ॥

Other aspect of Skanda :—

[स्कन्द वा कुमार के सम्बन्ध में निम्नलिखित वचन भी अनुसंधेय हैं ।]

स्कन्दः=कुमारः=बालग्रहविशेषः— [सुश्रुते, उत्तरतन्त्रे २७ । २-३] कुमारस्य शुनकस्य माता—सरमा शुनी, पिता—सीसरः, भ्रातरौ—श्याम–शबलौ [पारस्कर गृह्यसूत्रे १ । १६ । २४] ॥ स्कन्दस्य [=कुसारस्य] माता–पूतना

(महाभारते, वन पर्व०, २३० । २७ ॥)

दो अश्वि-देवता

The two Asvins have been spoken as physicians of the gods (devas) :—

[दोनों अश्वि देवताओं को देवताओं के वैद्य कहा गया है:-]

उतं त्या दैव्या भिषजा। शं नः करतो अश्विना॥
युयुतामितो रपो अप स्रिधः (= शत्रून् अपरोधकान्।
cf. मन्त्र १०॥) [ऋग्वेद ८। १८। ६॥]

अश्विनौ वै देवानां भिषजा अश्विना एतस्य देवता य आमयावी
[काठकसंहिता १३। ७॥ cf ऐतरेय ब्रा० १। १८॥ कौषीतकि ब्रा० । १८। १ ॥]

अपक्रान्तौ वा एतस्थ प्राणापानौ यस्य ज्योगामयति,
[ताराण्डय ब्रा ७। ६। १२॥]

